## खबर संक्षेप

### आवास प्लस सर्वे कार्य अब 30 अप्रैल तक

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस की सूची अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम जोडे जाने के लिए सर्वे कार्य की अवधि बढाई गई है तदानुसार अब 30 अप्रैल तक सर्वे कार्य पूर्ण कराया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक द्वारा जारी पत्र द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये मंजूरी प्रदान की गई। उक्त संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने हेतु आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवासप्लस 2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल की गई है। अतः समस्त जिलों को निर्देशित किया गया है कि उक्त समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

### राजीव गांधी वार्ड का मामला, आबकारी व पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर माने लोग

# शराब दुकान खोले जाने के विरोध में सड़क पर उतरे लोग, लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राजीव गांधी वार्ड में धार्मिक स्थल के पास अंग्रेजी व देशी शराब दुकान खोले जाने के विरोध में आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। लोगों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा, खिरहनी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल दलबल के साथ पहुंचे और आंदोलनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया।

रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान खोली जानी थी, वहां स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका भी है। ऐसे में हर रोज रहवासी परेशान होगे हैं। आबकारी विभाग द्वारा नियमों को ताक पर रखकर शराब दुकान खोलने की अनुमति दी गई थी। इस फैसले से स्थानीय लोगों में आक्रोश रहा । नागरिकों ने रात में शराब की बिक्री शुरू होते ही और अधिक उद्वेलित हो गए जिसके चलते सुबह से ही उन्होंने चक्काजाम कर दिया। सुबह 10 बजे से क्षेत्र की महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और



कटनी-बरही मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल शराब दुकान बंद करने की मांग की।

### आश्वासन के बाद माने लोग

प्रदर्शन बढ़ता देख आबकारी विभाग के सहायक आबकारी अधिकारी एसबी कोरी और कोतवाली टीआई आशीष शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं और स्थानीय नागरिक अपनी मांग पर अड़े रहे कि किसी भी स्थिति में शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। लगातार उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया और अंततः निर्णय लिया गया। सहायक आबकारी अधिकारी एसबी कोरी ने घोषणा की कि चूंकि स्थानीय लोगों द्वारा शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया जा रहा है, इसलिए यहां दुकान नहीं खोली जाएगी। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

लगभग दो घंटे तक चले इस चक्काजाम के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कटनी से बरही जाने वाला मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे शहर से एनकेजे, जुहला बाईपास जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो दिन पहले ही स्कूल शुरू हुए थे, ऐसे में स्कूली बच्चों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान शिफ्ट करने की अनुमति दी गई थी वहां से कुछ ही दूरी पर सत्यनारायण मंदिर, दुर्गा मंदिर, साईं मंदिर, अस्पताल, स्कूल और अन्य सार्वजनिक स्थल स्थित हैं। ऐसे में इस क्षेत्र से गुजरने वाली महिलाओं, बच्चों और युवतियों को परेशानी होगी, और नशेड़ियों तथा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा। इस पर सहायक आबकारी अधिकारी कोई स्पष्ट उत्तर देने में असमर्थ रहे और गोलमोल जवाब देते रहे। उन्होंने केवल इतना कहा कि यदि विरोध हो रहा है तो दुकान नहीं खोली जाएगी।

# खम्हरिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कलेक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर सुन रहे जनता की समस्यायें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इस कड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम का आयोजन जारी है।ज़िले मे अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम गुरुवार 3 अप्रैल को शाम 4 बजे से ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में होगी।

बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### यहां होगा जनसंवाद

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

**खेल गतिविधियों के साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन**

# विद्यालय प्रभारी ने छात्राओं के धोए पैर किया पूजन, किताबें देकर कराया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

स्कूल चलें हम अभियान के तहत 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ढीमरखेड़ा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गौरा में विद्यालय प्रभारी महेन्द्र सिंह ठाकुर ने कुछ नया करते हुए एक अच्छी मिसाल पेश की है।विद्यालय प्रभारी ने छात्राओं के पैर धोए,उन्हें तिलक लगाया,पूजन किया और श्रीफल भेंट किया।इसके बाद उन्होंने बच्चों को किताबें,पेन सौंपते हुए स्कूल में प्रवेश कराया। उन्होंने बच्चों को लड्डू आदि भी खिलाया।प्रवेशोत्सव



कार्यक्रम के दौरान खेल गतिविधियां आयोजित हुई। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।इस दौरान विद्यालय में आनंदमयी माहौल बना रहा।छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी विशेष भोज का लुफ्त उठाया। शाम के समय में शिक्षकों और अभिभावकों विद्यालय के सरस्वती मंदिर में भजन कीर्तन किया। यह कार्यक्रम रात करीब 9 बजे तक चलता रहा। विद्यालय प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि शुरुआत से ही शिक्षा के प्रति बच्चों का रुझान बढ़े। इसलिए बच्चों को कॉपी, पेन और किताबें अन्य सामाग्री बच्चों को देकर उनका मनोबल बढ़ाते हैं।प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान हर वर्ष हम कन्याओं के पैर धोकर और पूजन कर उन्हें विद्यालय में प्रवेश कराते हैं। दरअसल गौरा का प्रदेश का एक ऐसा सरकारी स्कूल हैं, जो निजी स्कूलों से भी आगे हैं। विद्यालय प्रभारी महेंद्र सिंह की मेहनत और लगन से स्कूल का नजारा ही बदल गया।विद्यालय में माँ सरस्वती का मंदिर,हरियाली युक्त सुंदर वातावरण, बच्चों को पढ़ाई के साथ संगीत गायन,वाद्य यंत्रों की शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा,सिलाई, कढ़ाई, चित्रकला, संस्कार आदि की शिक्षा भी निःशुल्क प्रदाय की जाती हैं।

# नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पुस्तकों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक वंदन और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।उन्हें पुस्तकों का वितरण किया। प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि सौ प्रतिशत छात्रों के प्रवेश हेतू प्रयास किया जा रहा है।अप्रैल माह में दो यूनिट का कोर्स भी पूरा कराया जाएगा। कक्षा नवमीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों को 45 दिन तक ब्रिज कोर्स पढ़ाया जाएगा।इस मौके पर कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरूस्कृत किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र मोहम्मद हसन ने साल 2020 में कक्षा 12वीं में गणित विषय में जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र ने स्टार योजना का लाभ लेते हुए वीआईटीएस कॉलेज भोपाल में निःशुल्क बीटेक की पढ़ाई कर कर्नाटक में कुशल यंत्री बन जिंदल स्टील में कार्यरत हैं।शासन की योजना अंतर्गत स्कूटी और लैपटॉप प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं की भी उपस्थिति रही। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने छात्र छात्राओं को अच्छी मेहनत कर पढ़ाई करने प्रेरित किया।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय में हो रहे विकास कार्यों को सराहा, परीक्षा परिणाम में निरंतर सुधार होने पर भी संतोष व्यक्त किया। इस दौरान बीईओ संयुक्ता उइके,सरपंच अटल ब्यौहार, जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, राजेश चौरसिया, राजेश ब्यौहार, जितेन्द्र अरोरा मौजूद रहे।




# 3 माह तक थाना में हाजिरी देने आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 3 आदतन अपराधियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए इन्हें संबंधित पुलिस थाना में 3 माह की अवधि तक 1 एवं 15 तारीख को पुलिस थाने में उपस्थिति देने का आदेश पारित किया है।

### इन पर की गई कार्रवाई

जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने तीनों आदतन अपराधियों के मामले में पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की है। उनमें थाना कैमोर अमरैया पार निवासी 45 वर्षीय राजेश उर्फ करिया पिता हनुमानदीन दाहिया के विरूद्ध वर्ष 2001 से 2024 तक 3 प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है। राजेश उर्फ करिया के विरूद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। लेकिन इनके आपराधिक प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुआ और राजेश कैमोर थाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुका है। इस स्थिति के मद्देनजर कलेक्टर श्री यादव ने राजेश उर्फ करिया को 3 माह की अवधि तक 1 और 15 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में पुलिस थाना ढीमरखेड़ा निवासी पिंडरई उम्र 28 वर्ष पवन मिश्रा पिता राजेन्द्र उर्फ गुल्ला के विरूद्ध भी मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है। पवन मिश्रा के विरूद्ध वर्ष 2017 से 2024 तक 2 प्रकरण प्रचलित है। क्षेत्र में लोकशांति के भंग के मद्देनजर कलेक्टर श्री यादव ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये पवन मिश्रा पिता राजेन्द्र उर्फ गुल्ला मिश्रा को 3 माह की अवधि तक 1 एवं 15 तारीख को ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में हाजिरी देने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा पुलिस थाना बाकल ग्राम सिहुड़ी निवासी आदतन अपराधी सुनमान सिंह लोधी पिता शीलचन्द लोधी उम्र 37 वर्ष के आपराधिक कृत्यों को देखते हुये पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री यादव ने सुनमान सिंह लोधी को 3 माह की अवधि तक 1 और 15 तारीख को पुलिस थाना बाकल में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

### अपूर्वा को राज्यपाल ने दिया स्वर्ण पदक

**बरही।** तहसील अन्तर्गत कुठिया मोहगवां की अपूर्वा उपाध्याय (नेहा) पिता गोशरण उपाध्याय (शिक्षक) जिनकी प्रारंभिक शिक्षा



गांव के ही स्वामी विवेकानन्द स्कूल में हुई। अपूर्वा ने उज्जैन महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में बीए बीएड की उपाधि में प्रथम स्थान प्राप्त कर दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगु भाई पटेल महोदय द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित हुई । उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता रही एवं आचार्य बालकृष्ण व उज्जैन के सांसद की उपस्थिति रही बेटी ने अपने गांव जिले का नाम रोशन किया है।

**मेयर इन कांउसिल सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

# जगन्नाथ चौक-घंटाघर मार्ग के प्रभावितों को सौंपे गए चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के साथ ही प्रभावित लोगो को मुआवजा राशि वितरण की कार्यवाही भी की जा रही है।बुधवार को नगर निगम के मेयर इन कॉउंसिल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे की गरिमामय मौजूदगी में 6 भू स्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि का चेक़ वितरण किया गया। जिसमे बसंत लाल यादव (13 लाख 65 हजार 336रुपये), निखलेश वर्मा (11 लाख 6 हजार 28 रुपये), नयन बिचपुरिया(4 लाख 45 हज़ार 129 रुपये), रविंद्र कुमार (2 लाख 44



हजार 920 रुपये), उमेश (6 लाख 1 हजार 171 रुपये) एवं किरन तिरसोलिया (2 लाख 38 हजार 615 रुपये) शामिल हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सड़क निर्माण में सहयोग के लिए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने क्षेत्र के नागरिकों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में क्षेत्र के सम्मानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्वागत करने का आग्रह किया जिस पर महापौर सूरी ने कहा कि अभी चौड़ीकरण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है,कार्य पूर्ण होने पर ही आपके द्वारा दिया हुआ सम्मान स्वीकार करूंगी। महापौर सूरी ने कहा कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण मेरी पहली प्राथमिकता थी और इसके निर्माण के लिए लगातार प्रयास भी किये गए। सड़क का निर्माण चौड़ीकरण के साथ पूर्ण किया जा रहा है उन्होंने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक का भी धन्यवाद किया जिनके सहयोग से इस कार्य को गति प्रदान की जा सकी। आज भू-स्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि के चैक वितरित गए हैं। आने वाले समय में शेष भू स्वामियों को भी क्षतिपूर्ति राशि के चेक़ दिए जा रहे है। कटनी शहर की सालों से चली आ जाओ रही यह मांग पूर्ण होने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बीडी शर्मा सांसद खजुराहो लोकसभा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश भाजपा संगठन को भी धन्यवाद किया जिनके कारण इस कार्य को गति मिली, उन्होंने एमआईसी सदस्यों एवं पार्षद साथियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## खबर संक्षेप

### खेरमाई धाम में भागवत महापुराण का आयोजन

**कटनी।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर जनकल्याणार्थ हेतु उपनगरीय क्षेत्र लखेरा के विख्यात सिद्धपीठ धार्मिक स्थल श्री बड़ी खैरमाई धाम में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्री महाचंडी यज्ञ भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजित इन कार्यक्रमों के बड़ी खैरमाई धाम विकास समिति अध्यक्ष समाजसेवी भोलाराम साहू ने बताया कि सर्वप्रथम एक विशाल कलाश यात्रा निकाली गई जिसमे बड़ी तदात में क्षेत्रीयजन उपस्थित थे। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई जिसमें कथा वाचक प्रदीप कुमार महाराज वृंदावन धाम ने भगवान श्रीजी के लीलाओं का विस्तारपूर्वक अपनी मधुर वाणी से बताया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन आयोजन स्थल पर पहुंचकर कथा भरपूर आनंद उठाया आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं मंदिर के बैनी पण्डा ने सभी श्रद्धालुजनों से आग्रह किया है कि आयोजन स्थल में समय पर पहुंचकर पुण्य लाभ उठाने की अपील की है।

### सिलौंडी शराब दुकान बस स्टेंड से अलग हुई

**सिलौंडी।** नागरिकों की मांग पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह से संपर्क कर सिलौंडी की देशी शराब दुकान को गांव से बाहर कराने बड़वारा विधायक से पत्राचार कराया। पिछले कई पिछले कई सालों से बस स्टैंड के रहवासी और बस स्टैंड व्यापारी शराब दुकान को गांव से बाहर करने की मांग कर रहे थे। मनीष बागरी ने सबसे पहले क्षेत्र में चल रही अवैध प्रकारों को बंद करने एसपी और कलेक्टर से चर्चा की एवं पुलिस विभाग की सक्रियता के कारण क्षेत्र चल रही अवैध पैकारियो की संख्या कम हुई। सिलौंडी बस स्टैंड के व्यापारियों ने मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी को बस स्टैंड में शराब दुकान होने के कारण आए दिन हो रही लड़ाई झगड़े की जानकारी दी और दारू दुकान को गांव से बाहर खोलें की मांग की मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ने विधायक से संपर्क कर उनको लोगों की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर सिलौंडी गांव के बाहर शराब दुकान खोलने निर्देशित किया जिसके कारण सिलौंडी बस स्टैंड से 100 मीटर की दूरी पर सिलौंडी शराब दुकान खोली गई।

### चालकों पर चालानी कार्रवाई नियमों के पालन की दी हिदायत



**बरही।** खितौली पुलिस चौकी प्रभारी केके पटेल के द्वारा अपने स्टाफ के साथ खितौली बरही रोड टोल नाके के पास गत शाम आकस्मिक चेंकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टू-व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग नहीं करने पर कार्यवाही की गई। वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज चेक किया गया। चालको को यातायात नियमों के पालन की समझाइश दी गई। कार्रवाई के दौरान ही वाहन चालकों के चालान काटें गए।

### छात्र को दी गई स्कूटी



**बरही।** शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बरही में नवीन सत्र उत्सव प्रवेश पर्व 1अप्रैल को मनाया गया विद्यालय के छात्राओं को पुस्तक का वितरण किया गया जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल की उपस्थित में नगर परिषद भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पार्षद संतोष द्विवेदी प्रचार रामचरित द्विवेदी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे प्रतिभावान छात्र राम किशन विश्वकर्मा पिता मनोज विश्वकर्मा निवासी करौंदी कला विषय कल वाणिज्य 91.20% अंक अर्जित करने पर स्कूटी प्रदान की गई।

---

### बरही पुलिस ने खिरहनी में 2850 किलो महुआ लाहन कराया नष्ट, 90 हजार का गांजा किया जब्त

# कार्यवाही: तीन लाख रूपए की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब का अवैध निर्माण एवं ब्रिकी करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। बरही पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरहनी गांव में कार्यवाही के दौरान 2850 किग्रा महुआ लाहन जप्त करते हुए नष्टीकरण कराया गया। यह कार्यवाही नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं एएसपी संतोष कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के नेतृत्व में की गई।

थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि खिरहनी में कच्ची महुआ शराब विक्रय हेतु भारी मात्रा में शराब बनाने की तैयारी चल रही है। सूचना के आधार पर पारधी समुदाय बाहुल्य गांव खिरहनी में रेड कार्यवाही की गई। रेड के दौरान भारी मात्रा में 190 कंटेनर(डिब्बों) जिनमें प्रत्येक कंटेनर में 15 kg कुल मात्रा 2850 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया जिसकी कीमत लगभग 2,85,000 रुपए आंकी गई। लाहन जब्त कर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में एसआई विनोदकांत सिंह, एएसआई दिनेश गौतम, प्रआर अजय पाठक, सतीश हल्दकार, उदय पाल सिंह, आर विवेक, अवधेश प्रताप सिंह, आर चालक संजय पांडे की भूमिका रही।





#### 60 लीटर शराब जब्त

इसी प्रकार मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपिया सहबनी पारधी पति साहुल पारधी 22 साल निवासी खिरहनी के कब्जे से हाथभट्टी की अवैध कच्ची महुआ शराब 60 लीटर कीमती लगभग 24,000 रुपए की जप्त कर आरोपिया के विरुद्ध धारा 34(2) आब.अधि.के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

#### 90 हजार का गांजा जब्त

मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी रैंडम आदिवासी पिता जाहिर आदिवासी 47 साल निवासी खिरहनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर लगभग 07 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया गया जिसकी कीमत करीब 90,000 रूपए बताई गई। गांजा जप्त कर NDPS ACT के तहत कार्यवाही करके आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

#### माधवनगर पुलिस ने की कार्रवाई

माधवनगर पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। कार्यवाही के दौरान 5 प्रकरणों में 169 पाव अवैध शराब जप्त की और 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में 106 पाव प्लेन शराब, 43 पाव मसाला शराब, 20 पाव अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार गौरव भोजवानी 24 वर्ष निवासी एमईएस कालोनी से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त। कमल जीवनानी पिता अशोक कुमार जीवनानी 28 वर्ष निवासी एमईएस कालोनी माधवनगर से 63 पाव देशी प्लेन मदिरा, 23 पाव मसाला मदिरा एवं 20 पाव अंग्रेजी गोवा मदिरा जप्त की गई। आरोपी संदीप यादव 35 वर्ष निवासी ग्राम इमलिया के पास से 10 पाव देशी प्लेन मदिरा, 9 पाव मसाला मदिरा जप्त की गई। सुधीर चौधरी 50 वर्ष निवासी इन्द्राज्योति कालोनी हाउसिंग बोर्ड को अवैध रूप से शराब बेचते एवं पिलाते हुए पकड़ा गया। उसके पास से 03 पाव प्लेन मदिरा, 04 पाव मसाला, 04 खाली पाव, 03 डिस्पोजल गिलास तथा शराब बिक्री की रकम कुल 320/-रूपये जब्त की गई। विनोद सक्सेना 48 वर्ष निवासी इन्द्राज्योति कालोनी हाउसिंग बोर्ड माधवनगर को अवैध रूप से शराब बेचते एवं पिलाते हुए पकड़ा गया। जिसके पास से 10 पाव प्लेन मदिरा, 07 पाव मसाला, 05 खाली पाव, 03 डिस्पोजल गिलास तथा शराब बिक्री की रकम कुल 550/-रूपये जब्त की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में उनि रूपेंद्र राजपूत के कुशल नेतृत्व में उप निरी दीपू कुशवाहा, सउनि संतोष सिंह, प्रआर0 शोभनाथ शर्मा, अविनाश मिश्रा आदि शामिल रहे।

---

### बादल एवं बूंदाबांदी होने से किसान की बढ़ी परेशानी

**उमरियापान।** उमरियापान-ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बुधवार सुबह से छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गेंहू की कटाई का समय नजदीक है। बूंदाबांदी होने से माहौल खराब हो गया है। अचानक मौसम में आये बदलाव से किसान परेशान है। कटाई भी बाधित हो रही है। उमरियापान क्षेत्र में बुधवार सुबह से ही बादल छाए रहे। रुक रुक कर बूंदाबांदी भी हुई। ऐसे में फसलों के बर्बाद होने का खतरा है।किसान घनश्याम चौरसिया, प्रमोद असाटी, मुकेश बर्मन,गुड्डू बर्मन, जितेंद्र पटेल, विपिन पटेल,विष्णु नाई सहित अन्य किसानों ने बताया कि क्षेत्र में अधिकतर गेंहू की फसलें बोई हैं।इस समय खेतों में खड़ी फसल पक चुकी है और कटाई की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। लेकिन, अचानक मौसम में हुई बदलाव और बूंदाबांदी से फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है।कई किसानों की फसलें तो खेतों में गिर गई है। बूंदाबांदी के कारण गेहूं की बालियों में नमी आ सकती है,जिससे दानों का रंग काला हो जाएगा।सरसों की फसल को भी नुकसान हो सकता है।फसल की गुणवत्ता खराब हो सकती है। इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

---

*अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने की कार्यवाही*

## अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले 3 प्रतिष्ठानों पर 45 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

न्याय निर्णायक अधिकारी और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने अवमानक खाद्य पदार्थ विक्रय के लिए दोषी पाये गये तीन प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कुल मिलाकर 45 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने का आदेश पारित किया है। जारी आदेश के मुताबिक खाद्य पदार्थ खोवा का संग्रहण एवं विक्रय होना पाये जाने पर ओम स्वीट्स एंड डेयरी चंडी माता चौराहा उमरियापान के विक्रेता न्यू कटरा बाजार निवासी रोजन्द्र लखेरा की दुकान से 25 अगस्त 2023 को खोवा और देसी बर्फी के नमूने लेकर भोपाल स्थित राज्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया था जिसमें इन नमूनों को अवमानक पाया गया। जिसके लिये अपर जिला दण्डाधिकारी ने उमरियापान स्थित मेसर्स ओम स्वीट्स एवं डेयरी के दुकान संचालक के विरूद्ध 15 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है।

#### यहां की गई थी कार्रवाई

इसी प्रकार अवमानक खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध (गाय, भैंस एवं बकरी के दूध का) का विक्रय होना पाये जाने पर ग्राम कचगवां निवासी हरकेश गड़ारी पिता फूलचन्द गड़ारी से3 मार्च 2023 को दूध के नमूने लिये गये, पंचनामा बनाया गया और नमूने परीक्षण हेतु भोपाल भेजा गया। जहां से खाद्य विश्लेषण की जांच रिपोर्ट में गाय, भैंस एवं बकरी का मिश्रित दूध अवमानक पाया गया। जिस पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत प्रकरण की सुनवाई कर अपर जिला दण्डाधिकारी ने हरकेश गड़ारी के विरूद्ध 15 हजार का अथदंड अधिरोपित कर दिया।

#### अमानक निकला नमूना

एक अन्य मामले में अवमानक खाद्य पदार्थ दही व पनीर का नमूना 21 दिसंबर 2023 को स्लीमनाबाद तिराहा स्थित सचिन डेयरी एण्ड जनरल स्टोर से लिया गया। इसके संचालक सुभाष हल्दकार पिता रामकिशोर हल्दकार थे। इनके पास एफएसएसएआई के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन पाया गया। इनके यहां से दही एवं पनीर के नमूने लेकर जांच हेतु भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजे गये। वहां से नमूना का जांच प्रतिवेदन अवमानक पाया गया। जिस पर विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए न्याय निर्णायक अधिकारी और अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कटनी ने 10 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया।

#### 30 दिन में जमा करें राशि

अर्थदंड की राशि तीनों प्रतिष्ठानो के संचालकों व कारोबारकर्ताओं को ट्रेजरी चालान के माध्यम से 30 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिये गए हैं।

---

### विकास शुल्क जमा कराने लगाये जा रहे शिविर



म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) निगम 2021 के तहत अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु नगरपालिक निगम द्वारा दिनांक 31.12.2016 के पूर्व की चिन्हित अवैध कालोनियों के अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन किया जाकर विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। अत: उपरोक्त नियमों के परिपेक्ष्य में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने संशोधित आदेश जारी करते हुए प्रथम चरण में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक कार्यालयीन दिवसों में वार्डो में चिन्हित कालोनियों में शिविर आयोजित कर विकास शुल्क की वसूली किये जाने के निर्देश दिए हैं। 2 अप्रैल से 08 अप्रैल तक यह शिविर बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.1 में,बिरसा मुंडा वार्ड क्र.2 में,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र 3 में, इंदिरा गांधी वार्ड क्र 04 में,एवम् राममनोहर लोहिया वार्ड क्र 5 में शिविर आयोजित किए जाएँगे।

---

**बैठक में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की रही उपस्थिति**

## अंबेडकर जयंती मनाने बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अजाक्स संघ जिला कटनी एवं अन्य सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती भव्य रूप से मनाए जाने हेतु अंबेडकर पार्क कटनी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित अजाक्स के जिला/तहसील के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। उपरोक्त बैठक की अध्यक्षता अजाक्स जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे ने की एवं मुख्य अतिथि जिला अजाक्स संरक्षक अनुज दाहिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी की रही उपस्थिति गणमान्य लोगों द्वारा बाबा साहब एवं धरती आभा बिरसा मुंडा जी के छाया चित्र मे माल्यापर्ण कर बैठक प्रारम्भ की गई जिसमें सभी उपस्थित साथियों द्वारा बारी - बारी से अपने विचार व्यक्त करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब की जयंती समारोह मनाए जाने की सहमति प्रदान किए उपरोक्त बैठक में अजाक्स जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह कुलसते, जिला महासचिव. श्रीमति सुलोचना सिंह, जिला सचिव अरविंद झारिया, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष चंदभान बौद्ध, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष डॉक्टर बी. के. पटेल, जयस जिलाध्यक्ष कुणाल कोल, गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति मीडिया प्रभारी आशुतोष धुर्वे, अखिल भारतीय सफाई काग्रेस ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सकतेल, कोल ट्राइब फांउडेशन के संतोष कुमार गौटिया, डॉक्टर विष्णु कोल, रवि गोंटिया आदि मौजूद रहे।



---

*महापौर ने कहा शहर में विकास में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर*

## विवेकानंद वार्ड में 45 लाख के विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत विकास कार्यों के क्रम में विवेकानंद वार्ड को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली हैं। वार्ड में स्थित खेरमाई मंदिर परिसर में लगभग 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनने जा रहा है,वहीं नयागांव दुर्गा मंदिर के पास 25 लाख की लागत से विभिन्न स्थलों में नाली निर्माण कराया जायेगा।

कार्यों के शुभारंभ हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी ,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद एड.सुरेंद्र गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड नागरिक सुरेश रामअवतार पाठक औरा रामदास गुप्ता से विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा महापौर एवं सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत अभिनंदन किया एवं विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया।





भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने सभी वार्ड वासियों को वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों हेतु बधाई देते हुए कहा,कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगरीय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं क्षेत्रीय सासंद वी.डी शर्मा के नेतृत्व में हमारी भाजपा सरकार निरंतर विकास के मार्ग में अग्रसर है,हमारा पूरा प्रयास है कि विकास में पिछड़े सभी वार्डों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करायें जायें, इसके लिए हमारे सभी पार्षद साथी भी जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद राजेश भास्कर, शकुन्तला सोनी, ओमप्रसाद बल्ली सोनी,स्थानीय निवासी रामचरण गुप्ता,रमेश राम,भजन गौतम,सरोज दुबे,राम गौतम,एस माहेश्वरी,उमा दुबे सहित अन्य की उपस्थिति रही।

---

**जिला भाजपा की बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों जानकारी दी**

## वक्फ बोर्ड संशोधन बिल जैसे निर्णय देश हित में: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी की संगठनात्मक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने सभी को नवरात्र हिन्दू नववर्ष की बधाई देते हुए प्रदेश में सम्पन्न हुई बैठक तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी व बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में जिले की उत्साहजनक भागीदारी ले लिए सभी को बधाई दी। इसी तरह आजीवन सहयोग निधि में समर्पण की भावना से अधिक से अधिक सहयोग का आव्हान किया।



श्री टण्डन ने वक्फ बिल पेश होने पर प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि देश मे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब से एनडीए की सरकार आई है तबसे देश हित मे महत्वपूर्ण फैसलों पर अमल किया गया। चाहे वह धारा 370 की समाप्ति हो या फिर समान नागरिक संहिता, ट्रिपल तलाक न्यायिक प्रक्रिया से राम मंदिर का निर्माण आदि शामिल हैं इन्हीं में से एक था वक्फ बोर्ड संशोधन बिल वक्फ बोर्ड का वास्तविक लाभ नहीं हो पा रहा था जिसमे संशोधन जरूरी था।

संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने किया। मंच पर पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी उपस्थित थे। श्री टण्डन ने वन नेशन वन इलेक्शन पर भी जनजागरण का आव्हान किया।

संगठन के आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में मोदीजी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित करें। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे "बस्ती चलो अभियान" के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए।

---



## बरछैका के तालाब में ग्रामीणों ने की जनभागीदारी से साफ -सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकास खंड बड़वारा के ग्राम महगवा (बरछैका) में हनुमान मंदिर के पास महावीर तालाब में जनभागीदारी से साफ -सफाई का कार्य किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लाक समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा ग्रामीणों को पानी बचाने का सन्देश ग्राम वासियों एवं उपस्थित जनों को दिया गया। इस परोपकारी कार्य में उपस्थित ब्लाक समन्वयक नंदिनी वाटिया, नवान्कुर संस्था प्रमुख हरभगत सिंह, प्रस्फुटन समिति से गुड्डू सिंह, राजेंद्र नामदेव, कमलेश कुमार नामदेव, पुष्पेंद्र सिंह, श्यामलाल बर्मन, सखिया बाई बर्मन, राम जियावन यादव, प्रदीप सिंह, सुनीता यादव, चंदन सिंह, राम जी, सुखेंद्र सिंह, रामलाल भूमिया, विशंभर सिंह, आशा देवी, सुनीता सिंह, दुरसा, सुखमंती बाई, सीमा सिंह और मांडवी सिंह, पूजा सिंह, रोशनी सिंह जितेंद्र सिंह एवं मुस्कान सोनी आदि की उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### तेन्दूखेड़ा मंडी में खरीदी प्रारंभ -कलेक्टर

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपने भ्रमण के दौरान तेंदूखेड़ा कृषि उपज मंडी पहुंचे, मंडी में आज से खरीदी का काम प्रारंभ हुआ है। इसके लिए कलेक्टर श्री कोचर ने एस.डी.एम. तेंदूखेड़ा और राजस्व अधिकारियों की टीम के लिये बधाई देते हुये कहा इन्होंने बहुत मेहनत की है, सभी बधाई के पात्र है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हमारा लक्ष्य था कि दमोह शहर में जो मंडी है, उसमें गेहूं की खरीदी शुरू करा दी गई है। इसके बाद हटा मंडी को शुरू करा दिया गया है। तीसरा लक्ष्य था कि तेंदूखेड़ा और जबेरा की मंडियों को शुरू कराया जायें, उसमें से आज तेंदूखेड़ा की मंडी में खरीदी प्रारंभ हो गई। नीलामी चालू हो गई। आज पहले किसान का माल 2450 रूपये क्विंटल में व्यापारी द्वारा खरीदा गया एक अच्छी शुरुआत है। कलेक्टर श्री कोचर ने एसडीएम सौरभ गंधर्व से कहा खरीदी लगातार चलती रहे इसकी मॉनीटरिंग करते रहें, ऐसा ना हो कि एक या 2 दिन के बाद यह बंद हो जाए तो लगातार इसके लिए जो कार्रवाई करना वह करेंगे।

### पन्ना पुलिस द्वारा 9 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

### बनवार गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ

**बनवार**। गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ बुधवार को बनवार में स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित जैन और समिति प्रबंधक राजेश सिंह लोधी ने पूजा अर्चना कर गेहूं खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र पर विधिवत गेहूं खरीदी आज से शुरू की जाएगी। इस वर्ष सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये तय किया है, जिसमें राज्य सरकार 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दे रही है। पहले दिन खरीदी स्थल पर छाया, पानी और अन्य जरूरी इंतजाम किए गए। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी राजेश लोधी, पंडित उमाशंकर शास्त्री, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार, मणिशंकर अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों व महिलाओं का प्रदर्शन, चक्का जाम की दी चेतावनी

# शराब दुकान हटाने के लिये दुकान के सामने धरने पर बैठी महिलायें

### महिलाओं का आरोपः लाडली बहना के पैसे छुडाकर पति कर रहे शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



नगर से 12 किमी दूर ग्राम पंचायत केवलारी में शराब दुकान हटाने को लेकर ग्रामीण सड़कों पर आ गए जिसमें महिलाएं भी मैदान में शराब दुकान हटाने को लेकर शराब दुकान के सामने धरना प्रदर्शन कर रही है। ग्राम की महिला शक्ति अब मैदान में दिखाई दे रही है। शराब दुकान हटाने को लेकर महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री जी यदि आप लाडली बहनों को पैसा नहीं देंगे तो हम लोग संतुष्ट हैं पर शराब दुकान हटा दे तो हम लोग बहुत ही संतुष्ट हो जाएंगे क्योंकि हम लोगों के परिवार में बच्चे और मैं पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। हमारे पति परमेश्वर दिनांक देखते हैं कि लाडली बहनों के पैसे आते हैं और हम महिलाओं से पैसे मांग कर शराब पीकर घर में गाली गलौज झगड़ा करते हैं। मारपीट करते हैं। हमारे परिवार पूरी तरह से बर्बाद होने की कगार पर चल रहे हैं । मुख्यमंत्री के जो लाडली बहनों के पैसा आते हैं वह कैसे हमारे पतिदेव हमसे लड़ झगड़ कर ले जाते है। शराब पीकर हम लोगों को पिटाई करते हैं। यह ग्रामीण महिलाओं ने शराब दुकान को लेकर आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है मुख्यमंत्री से मांग की है कि शराब दुकान को हटाया जाए क्योंकि स्कूल की बच्चियों को निकालने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्कूल की छात्राओं ने बताया कि हमारे यहां से शराब दुकान हटाई जाए क्योंकि हम लोगों को यहां से निकलने में शराबियों का डर लगता है। हम लोग स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं क्योंकि वह रास्ते में शराब पीकर बहुत ही ज्यादा गाली गलौज करते हैं । हम लोगों को स्कूल जाना बड़ा ही मुश्किल हो गया है। वही ग्राम पंचायत सरपंच राजेश प्रताप सिंह का कहना है कि किसी भी स्थिति में अब शराब दुकान ग्राम में नही खुलने देंगे मेरे द्वारा कई आवेदन जिला मुख्यालय में दिए गए पर कोई कार्यवाही नही हुई।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की आमजन अब अपनी समस्या को लेकर खुद सामने आ रहें हैं क्योंकि जब आवेदन देने पर भी कोई विचार नहीं किया जा रहा है तो ऐसे में विरोध प्रदर्शन ही एकमात्र उपाय बचता है। वही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जाता । पूरा ग्राम एकजुट होकर विरोध कर रहा है तो पीड़ा तो होगी जब तो सभी समर्थन कर रहे हैं । सोचने वाली बात है कि ग्रामीण अब शराबियों से परेशान है लेकिन सरकार द्वारा राजस्व के चक्कर में शराब दुकानों को जगह जगह खोलकर व प्रभावी रूप से अवैध शराब पर रोक न लगाकर लोगो की जिंदगी से खिलवाड कर रहे है।

# मंदिर शिखर पर भव्य कलश स्थापित, पंचमीं पर धूमधाम से हुआ कलशारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नवरात्रि के पावन पर्व पर धार्मिक उत्साह और भक्ति के रंग में रंगा नगर बड़ी खेरमाई में चल रही श्रीमद् देवीभागवत कथा का आज छठा दिन है। इस पावन अवसर पर बुधवार को पंचमी तिथि के दिन मंदिर के शिखर पर भब्भ कलश की स्थापना बड़े धूमधाम से संपन्न हुई। कलशारोहण का यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आस्था और उल्लास का केंद्र रहा, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। इसी अवसर पर निजी भूमी स्वामी संतोष सरैया ने बड़ी खेरमाई मंदिर के रास्ते का चौड़ीकरण के लिए निजी भूमि दान की तो वहीं पर उपस्थित नपा अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन ने रोड निर्माण कराने का भी किया संकल्प किया। पंचमी के दिन सुबह से ही मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर थीं। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत की मधुर धुनों के बीच कलशारोहण का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। इस यात्रा में महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर मंदिर से लेकर नदी तट स्थित तक भ्रमण किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया । इसके बाद गाजे-बाजे और जयकारों के साथ यह यात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ भब्य कलश को मंदिर के शिखर पर शोभायमान किया।

**मां भगवती के महात्म्य और उनकी लीलाओं का वर्णनः** श्रीमद् देवीभागवत कथा का आयोजन पिछले छह दिनों से बड़ी खेरमाई में चल रहा है। पंचमी दिन के अवसर पर कथावाचक पंडित श्री रामनयन जी महाराज ने मां भगवती के महात्म्य और उनकी लीलाओं का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया नवरात्रि के पांचवें दिन पूजी जाने वाली माता दुर्गा के स्वरूप से जुड़ी है। स्कंद माता को भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता के रूप में जाना जाता है। इनका नाम "स्कंद माता" इसलिए पड़ा क्योंकि इन्होंने अपने पुत्र स्कंद को राक्षसों से युद्ध के लिए तैयार किया था। कथा के अनुसार, जब देवताओं पर असुरों का अत्याचार बढ़ गया, तब भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय का जन्म हुआ। स्कंद माता ने अपने पुत्र को शक्ति, ज्ञान और साहस प्रदान किया, जिससे वे तारकासुर और अन्य राक्षसों का संहार कर सके। स्कंद माता का स्वरूप शांत और ममता से भरा है, जो भक्तों को संतान सुख और सुरक्षा का आशीर्वाद देता है।इनकी पूजा से भक्तों को बल, बुद्धि और समृद्धि की प्राप्ति होती है ,कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को मां दुर्गा की कृपा और भक्ति का महत्व समझाया गया। उन्होंने कहा "यह कथा न केवल भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि जीवन में सकारात्मकता और शक्ति का संचार भी करती है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति और स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा। बड़ी खेरमाई समिति के अध्यक्ष राजू नामदेव चंद्रशेखर हजारी,राजेश शर्मा,गोपाल सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर,कमलेश शर्मा,जितेन्द्र नामदेव,राकेश शर्मा ने , बताया, "हमारा उद्देश्य इस कथा और कलशारोहण के माध्यम से लोगों को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। इस दिव्य अनुष्ठान में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव,शोभाराम नामदेव,(मदन भैया)सुधीर पटेरिया,उदयराम राय,बाला साहू,सुदामा साहू,हल्ले भाई यादव,बती बाई लोधी,अयोध्या बाई,कुसुम रानी साहू है।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतलोनी में पी एम श्री स्कूल में मनाया गया भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के वरिष्ठ पत्रकार हीरा सिंह द्वारा की गई। दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य द्वारा भविष्य से भेंट कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। विद्यार्थियों को अवगत कराया गया कि भारत के भविष्य का निर्माण उसकी कक्षाओं में हो रहा है। आज के बच्चे कल के कर्णधारक नागरिक हैं भविष्य का भार उनके कंधों पर है। अतः बच्चे पढ़ लिखकर सुयोग्य नागरिक बनें जिससे संस्कृति सभ्यता एवं तकनीकी ज्ञान का विकास हो सके तथा भारत उन्नति करें कार्यक्रम अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का दायित्व शिक्षकों पर है। शिक्षक पूर्णतः लग्न एवं निष्ठा से अध्यापन कार्य संपादित करें। विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने को कहा गया नियमित पठन-पाठन से निश्चित है कि आपका भविष्य उज्जवल रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम की गणमान्य नागरिक संस्था प्राचार्य जे एल अहिरवाल, जसवंत सिंह, बाबूलाल अहिरवाल, अजय कुमार पांडे, विजय सिंह, तरवर सिंह, रत्नेश सिंह, राकेश खरे, प्रीति अहिरवार विशाखा प्रधान सोनम जैन केश कलीअहिरवार प्रिंस तिवारी की उपस्थित रही।

## संध्या आरती में उमड़ी भक्तों की भीड़



**बनवार**। बनवार के दरवाजे मोहल्ले में विराजमान दुर्गा प्रतिमा के समक्ष संध्या आरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यह आयोजन चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ-साथ सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और शंख-घंटी की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। पंडित उमाशंकर शास्त्री ने बताया कि बीते तीन दशक से बनवार के दरवाजे मोहल्ले में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाती है और विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाता है। आज चौथे दिन संध्या आरती बेला में माता रानी के दर्शन-पूजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पूरे गांव के श्रद्धालु माता रानी की संध्या आरती में शामिल होकर आशीर्वाद ले रहे हैं। वनांचल स्थित शालाओं का कलेक्टर ने लिया जाएगा।

## निषादराज जयंती पर ग्राम में हुये विविध आयोजन




**नरसिंहगढ़**। नरसिंहगढ़ ग्राम में बड़े ही धूमधाम से निषाद राज जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ क्षेत्र के रैकवार समाज ने सुबह से रामबाग धाम पहुंचे कर सत्यनारायण की कथा और हवन पूजन करने के बाद भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चला। शाम 5:00 बजे रामबाग धाम से भगवान निषाद राज की झांकी बनाकर रैली निकाली। रैकवार समाज की परंपरागत ढीमरयाई की प्रस्तुति के साथ रैली निकल गई जिसमें नरसिंहगढ़ क्षेत्र के आसपास से रैकवार समाज सम्मिलित हुई। इसके साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन मंत्री के पुत्र लोकेंद्र पटेल और लकी पटेल पहुंचे। इस अवसर पर नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि पंडित राजेंद्र बिदौलया, बड़ागांव सरपंच गोकल सिंह लोधी, नरसिंहगढ़ जनपद सदस्य ललती संतोष मोदी, वेदराम पटेल उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने वाले डालचंद्र रैकवार क्षेत्र से आई हुई सभी रैकवार समाज का सहयोग रहा।

## माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की धूमधाम से की महाआरती



**दमोह**। अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह महा आरती का आयोजन महाराज अग्रसने मंदिर फुटेरा वार्ड 2 अग्रसेन चौक में किया जाता है। उसी क्रम में नवरात्रि के पावन पर्व पर माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन की 43वीं महा आरती का आयोजन किया गया। महाआरती करने का सौभाग्य डॉक्टर पसारी परिवार को प्राप्त हुआ। पंडित गोपाल पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती संयोजक विकास अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दमोह में शुरू हुई महाआरती अब पूरे देश में प्रत्येक जिले में प्रारंभ होती जा रही है। दमोह में 43 वी महाआरती का आयोजन हुआ तो भोपाल में 12 वी इंदौर, जबलपुर, सतना सहित अन्य कई जिलों में भी आरती प्रारंभ हो गई है। आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल अग्रवाल जन जागरण अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल डॉ जे पी पसारी डॉ जया पसारी अग्रवाल स्कूल संचालक अनंत अग्रवाल अधिवक्ता विनोद अग्रवाल मदन मोहन अग्रवाल डॉक्टर अशोक अग्रवाल केदारनाथ सीताराम विजय नंदकिशोर विनोद अनिल संकेत सक्षम ओम अनुज विराज विशेष आदित्य शीला मीतू शुभम रीता सुनीता श्रुति रिद्धि प्रमिला सीतारानी दीप्ति कुसुम सीमा आभा सारिका मीणा रचना अनीता बबीता सविता अंजली स्वस्ति पीहू सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों की उपस्थिति रही। अगली महा आरती का आयोजन 6 मई को किया जावेगा।

## पाल महासभा की बैठक संपन्न

**पथरिया**। अखिल भारतीय पाल महासभा तहसील पथरिया की मासिक बैठक अध्यक्ष कुंजीलाल पाली के निवास पर संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम लोकमाता पूज्यनीय देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक लगाकर दीप प्रज्ज्वलित किया प्रत्येक समाज बंधु ने लोकमाता के चित्र पर पूजन किया साथ ही उपस्थित बंधुओं का स्वागत पुष्प तिलक लगाकर किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निम्नांकित विषय पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए गए और सभी बिंदुओं को सफल पूर्वक पूर्ण कराने सम्पूर्ण अधिकार समाज के अध्यक्ष कुंजीलाल पाली को दिया। जिसमें समाज की जनगणना आगामी बैठक में पूर्ण करना,लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर चलकर उनके द्वारा किए गए कार्यों का अनुशरण कर समाज का विकास कैसे हो विचार विमर्श, नगर में देवी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापना, सर्वसुविधायुक्त सभागार निमार्ण कराना साथ ही आधुनिक पार्क सहित उक्त कार्य स्थानीय विधायक,सांसद आदि से कराने प्रयास किया जावें, समाज का बैंक खाता खोलने का प्रस्ताव पास हुआ, आगामी समय सामूहिक विवाह कराने सहमति, सामाजिक कुरीतियां को दूर करने का प्रयास, समाज को पूर्ण नशा मुक्त होने पर जोर आदि। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से तीरन पाल, मुरलीधर पाली, कड़ोरी, दीनदयाल, मदन, रामअवतार पाली, केशवराम, मोहन लाल केवलारी व तहसील के अनेक ग्राम के समाज बंधु उपस्थित रहें।

## शिविर का किया औचक निरीक्षण



**झलौन**। जिला कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशन में झलोन के नव निर्मित उपस्वास्थ केंद्र सेक्टर में मातृशक्ति वंदना योजना अंतर्गत 2 अप्रैल को सामान्य महिला शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्रामों से आकर काफी महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई गई। इसी अवसर पर जिला कलेक्टर श्री कोचर आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंच गए उपस्थित महिलाओं से विभिन्न जानकारी ली। असुविधाओं को देखते हुए आगामी शिवर में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की बात कही। इसी दौरान ग्राम एवं क्षेत्र के उपस्थित ग्रामीणों ने कहा यहां के उप स्वास्थ्य केंद्र में सी एच ओ की पद स्थापना नहीं होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा। कलेक्टर श्री कोचर ने जल्द ही सी एच ओ की पद स्थापना करवा देने की बात कही एवं उपस्थित लोगों से कहा और कोई कुछ कहना चाहता है। तब अनेक लोग बोले साहब उप स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित शराब दुकान को हठाने के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री कोचर को लिखित आवेदन दिया उन्होंने शराब दुकान हठाने को जांच कराने का आश्वासन दिया।

### भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन

# संगठन की समितियों में महिलाओं की भागदारी बढ़ाएंः श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई जिसमें पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, हटा विधायक उमा देवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, पी एल तंतुवाय, जनपद अध्यक्ष प्रीति सिंह मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि 6 अप्रैल को प्रत्यके बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाना है। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। अभियान के दौरान उन्हें मंदिर, अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान चलाना है। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करना है। जल संरचनाओं की सफाई में भी सहभागिता करना है, कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर सभी गलियों में यात्रा निकालना है तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर जाना है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान करना है, और उनके अनुभव का लाभ लेना है, उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना है तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी अपनी बात रखी। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 से शुरू हुई और आज 45 वर्ष बाद हमारी सरकार के नेतृत्व में विकसित भारत की स्थापना कर चुके हैं जिसमें सनातन की परंपरा को अपनाते हुए मूल्यों पर आधारित राजनीति की विचारधारा पर चलकर कार्य कर रहे है, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा द्वारा बूथ विस्तारक योजना जीत की गारंटी बन गई हैं। इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने किया और आभार जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, चन्दभान पटेल, अरुण तिवारी, जिला मंत्री संजय यादव, अरविंद उपाध्याय, ब्रजेश दुबे, वर्ष रैकवार, रश्मि साहू, अनिता खरे,सुरेश पटेल, राम लाल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष एड हरिश्चंद पटेल, गणेश जाटव, सादिक रिजवी सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया ईद मिलन समारोह

**दमोह**। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन के आवाहन पर ईद मिलन समारोह मनाया गया जिसमें पूर्व विधायक अजय कुमार टंडन किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष रियाज खान समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं मुस्लिम भाई सम्मिलित हुए आपस में गले मिल जुल कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया हिंदुस्तान की मशहूर शायर ताबिश नैय्यर जी ने ईद के उपलक्ष पर कविता का पाठ किया एवं दमोह के पूर्व विधायक श्री अजय कुमार टंडन जी ने पूरे देश और प्रदेश शहर वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा हर समाज हर वर्ग में चंद लोग एक या दो परसेंट लोग हैं जो माहौल को गंदा करते हैं एक मछली जैसे तालाब को गंदा करती है ऐसे ही एक दो पर्सेंट लोग समाज को गंदा करते हैं हर आदमी अमन और चैन पसंद करता है कार्यक्रम के अंत में ईद उल फितर के उपलक्ष में शिमाईया और फल फ्रूट का वितरण किया गया जिसमें परम यादव प्रदीप पटेल जी श्री वीरेंद्र दुबे जी संजय चौरसिया वीरेंद्र ठाकुर का नित्य कमला निशाद जी महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर सभी ने शहर को अमन शांति की बात रखकर ईद की बधाई दी उबेद गौरी विक्रम ठाकुर अमर राजपूत पप्पू कसोतिया हेमराज पार्षद शैलेंद्र सिंह पार्षद निक्की चंदेल पार्षद अरुण मिश्रा बसंत कुशवाहा संजय सेठ अलीम ठेकेदार समीम कुरेशी विजय कर्मकार मदन सुमन अमित नामदेव मंजीत यादव भूपेंद्रअजमानी अजय जाटव मुख्तार मानक अहीरवाल जाफरी नईम भउएं श्री सलोना मिश्रा जमील खान किश्ती आरिफ खान कलीम ठेकेदार नादिर खान अनुज ठाकुर खिलान सिंह ठाकुर अजय पेरूची बबलू राज बसंत पटेल पप्पू कुशवाहा आमिर खान जुगल गुप्ता डिंपल सेन गजराज सिंह सभी की उपस्थिति रही।

# बच्चों के बीच पहुंचे जनसंपर्क अधिकारी



**बनवार**। दमोह जिले की जबेरा जनपद के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नोहटा में स्कूल चले अभियान के तहत जनसंपर्क अधिकारी वाय एस कुरेशी, बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें जागरूक करते हैं और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हैं। इस अभियान के दौरान, अधिकारी बच्चों को स्कूल आने और शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। वे बच्चों को यह भी बताते हैं कि शिक्षा कैसे उनके भविष्य को बेहतर बना सकती है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है। छोटे से गांव के विद्यालय में अध्यनरत बच्चों की जागरूकता देखकर अधिकारी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के अंदर टैलेंट को देखा यहां के बच्चों को कलेक्टर से लेकर यहां के अधिकारियों के नाम की जानकारी के साथ साथ पढ़ाई लिखाई में रुचि होने के साथ साथ बच्चों कलेक्टर एसपी डॉक्टर इंजीनियर बनने के सपने है तो पढ़ाई लिखाई के प्रति जागरूक हैं। जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि उन्हें लगता है कि कलेक्टर महोदय की मेहनत एवं उनके प्रयास सफल हो रहे है जिनके निर्देश पर चलाया जा रहा यह अभियान न केवल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने में मदद करता है। बल्कि यह समाज में शिक्षा के महत्व को भी बढ़ावा दे रहा है। इस दौरान उन्होंने अपने बचपन की शिक्षा के अनुभव बच्चों से शेयर किए वही बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दिया और नई शिक्षा सत्र 2025 स्कूल चले अभियान की शुभकामनाएं दी इस दौरान विद्यालय के शिक्षक परमलाल अहीरवार शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्तिथि रही है।

**खबर संक्षेप**

## जीपी प्यासी जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**दमोह।** सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ म. प्र. जिला समिति के 31 मार्च को संपन्न निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी सीएस दवे ने जीपी प्यासी को जिला अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया जिस पर खुशी जाहिर करते हुए अमर सिंह राजपूत, जीडी नामदेव, राजेंद्र प्रसाद वाजपेई, अखिलेश चांदोरकर, एसएस चौरसिया, बीएम दुबे आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेंटी के आहवान पर जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के बाबजूद जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने ही भ्रष्टाचारी परिवाहन विभाग के सौरभ शर्मा का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस जनो का कहना था कि म.प्र. की भाजपा सरकार के संरक्षण के चलते सौरभ शर्मा ने बेमिसाल संपत्ति बनाये उसके पास से अवैध 52 किलो सोना जप्त किया गया उसके साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ अनेको मंत्री उसके अवैध कार्यो में लिप्त थे किन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मामूली कार्यवाही करते हुए उसे क्लीन चिट दें दी। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कार्यालय के सामने ही उसका पुतला जलाते हुए अपना विरोध दर्ज किया। कांग्रेस सेवादल के वीरेन्द्र राजपूत, किसान कांग्रेस के नितिन मिश्रा, पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश तिवारी, राहुल जैन, पप्पू कसोटया, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सोनू जैन, शमीम कुरैशी, रफीक खान, अजय जाटव, रियाज खान, अभिषेक डिम्हा ने पुतले को जलाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीब निर्दोष को तो महीनो जेल में रहा जाता है अनेकों तरह की प्रताड़ना दी जाती है किन्तु सौरभ शर्मा जैसे आर्थिक गुनहगार को अपने मंत्रियो को बचाने के चक्कर में छोड़ दिया जाता है जो कि असंवैधानिक है। इस अवसर पर पार्षद अमर राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ अवस्थी, अरूण दुबे, पुरूषोत्त्म पटैल, ए.के. चिश्ती, जावेद रोजान सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# स्याही कांड : सागर संभाग के सभी सीएमओ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### कलेक्टर ने जांच के बाद ही कार्यवाही करने का दिया आश्वासन, अधिकारी भोपाल जाकर भी करेंगे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर पालिका सीएमओ शर्मा के साथ 29 मार्च को हुए घटनाक्रम की विरोध में सागर संभाग के सभी नगर पालिका अधिकारी मंगलवार को दमोह में एकत्रित हुए। बाद में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नगरीय प्रशासन विभाग के जॉइंट डायरेक्टर राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें उपरोक्त घटना के आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही किए जाने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सीएमओ प्रदीप शर्मा को सुरक्षा प्रदान किए जाने जैसी मांग की गई है। इस घटना के विरोध में प्रदेश के अन्य संभाग मुख्यालय पर भी नगर पालिका अधिकारियो द्वारा ज्ञापन सोपे गए। प्रदेश भर के नगर पालिका अधिकारी 4 अप्रैल को भोपाल जाकर प्रदेश के नगरी प्रशासन मंत्री, आयुक्त आदि से मुलाकात करेंगे। उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे।

## दबाव बनाने कतिपय लोगों ने कराया घटनाक्रमः सीएमओ

**दमोह।** दमोह नगर पालिका अधिकारी सीएमओ प्रदीप शर्मा को हिन्दू विरोधी बताते हुए पिछले दिनों उनके निवास के बाहर चेहरे पर काली स्याही पोते जाने का घटनाक्रम सामने आया था। जिसके बाद कलेक्टर ने जांच समिति का गठन करते हुए रिपोर्ट देने को कहा था। इधर उक्त सदमे से उबरने के बाद सीएमओ प्रदीप शर्मा मैं जांच टीम के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए तथा मीडिया से भी रूबरू हुए। मामले में सीएसपी प्रदीप शर्मा ने शासन ने उनको जो जिम्मेदारी सौंप है उसका वह निर्वहन कर रहे हैं। पंडित होने के नाम से दोनों टाइम पूजा पाठ करते हैं नवरात्र में उपवास भी कर रहे हैं।



उन्हें इस तरह से बदनाम करने के पीछे कुछ पार्षद नगर पालिका की कुछ कर्मचारी और कुछ ठेकेदारों का हाथ होना उन्होंने बताया है। दरअसल उनके द्वारा घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों के भुगतान पर रोक लगा दी गई है। काम चोरी ड्यूटी से नदारत रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। कर्मचारियों को ईमानदारी से नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने तथा टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए है। आगामी दिनों में नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के 100 करोड़ से अधिक के टेंडर लगने वाले है। इसके पहले उनके द्वारा सीसी रोड की सैंपलिंग लेकर जांच कराई गई है। इन सब हालातो से व्यथित होकर यह लोग चाहते हैं कि उनके अनुसार चलें या फिर छुट्टी लेकर चले जाएं इसीलिए उनके साथ इस तरह का व्यवहार करके मानसिक तथा शारीरिक आघात पहुंच कर समाज में उनकी छवि धूमल करने की कोशिश की गई है। जबकि उनके द्वारा करीब एक दर्जन बड़ी फ़र्मों की बड़ी टेक्स चोरी को पकड़ते हुए नए सिरे से उनका उनका वास्तविक टैक्स का निर्धारण कराया गया है। एक मैरिज गार्डन से करीब 6 करोड़ रुपए की टैक्स पेनेल्टी निकाली गई है। तीन मंजिला एक होटल लॉज से एक खंड की टैक्स वसूली किए जाने के मामले को पकड़ा है। नगर पालिका के वाहनों की मरम्मत और डीजल आदि की गड़बड़ी को पकड़कर कार्यवाही की है। ऐसे में घटिया निर्माण भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ लोगों को उनकी कार्यवाही पसंद नहीं आ रही तथा वह उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने की कोशिश में लग रहे हैं।सीएमओ प्रदीप शर्मा ने 29 मार्च की घटनाक्रम के संदर्भ में बताया कि सीएसपी अभिषेक तिवारी ने उन्हें मोबाईल कर घंटाघर पर लगे झंडों को लेकर संभावित विवाद की जानकारी देते हुए संबंधित संगठनों से बातचीत करने को कहा था। जिस पर उन्होंने अपने कर्मचारियों को बातचीत के लिए भेजा था। कुछ देर उन के मोबाईल पर धमकी भरे काल आने लगे। घंटाघर पर लगे पुलिस कैमरों की फुटेज से सच्चाई सामने आ सकती है।

## मड़ियादो वन परिक्षेत्र बफर के बर्धा बीट में मादा सांभर का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मड़यिादो वनपरिक्षेत्र बफर के बर्धा वीट में मादा सांभर का शिकार हो गया,अज्ञात शिकारियों द्वारा वनक्षेत्र में नाले के पास रखे गए देशी हथगोला विस्फोटक सामग्री को खाने से ब्लास्ट हुआ और साम्भर का जबड़ा फटकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सांभर के शिकार के बाद वन अमले और पन्ना टाइगर रिजर्व में हड़कंप के हालात बने हुए हैं।

घटना के दूसरे दिन पन्ना टाइगर रिजर्व से अधिकारी, वन अमला और डॉग स्क्वायड टीमें मौके पर पँहुची और शिकारियों की पतासाजी और सर्चिंग शुरू की।सांभर के शिकार मामले में मड़यिादो ब्लास्ट के बाद मृत अवस्था मे मिले सांभर को घटनास्थल से उठाकर सीधा कोर एरिया में भेजकर अंतिम संस्कार कर दिया गया । ,घटना के दूसरे दिन मौके पर साक्ष्य एकत्रित किए गए। मामले में जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। रामप्रसाद प्रजापति परिक्षेत्र अधिकारी वफ़र क्षेत्र मडियादो का कहना है कि शिकार मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सर्वेयर पद से पृथक एवं तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने तेंदूखेड़ा भ्रमण के दौरान तेन्दूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत गेहूं उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति सांगा मंडी प्रागण तेन्दूखेडा एवं सेवा सहकारी समिति तेन्दूखेडा मंडी गोदाम तेन्दूखेडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन संबंधी समुचित व्यवस्थाएं करने हेतु उपार्जन केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने सेवा सहकारी समिति सांगा द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र के समिति स्तरीय सर्वेयर को पद से पृथक करने एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तेन्दूखेडा आदित्य कुमार दाहिया, नोडल अधिकारी (कृषि विकास अधिकारी) मिथुन ठाकुर को निरीक्षण के अभाव में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करने हेतु जिले में 52 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है।

## बीएमओ ने किया शिविर का निरीक्षण



**पटेरा।** कलेक्टर एवं जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पटेरा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कैंप के आयोजन किये जा रहे है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडलपुर में डॉ. दीपेश अहिरवार, डॉ.नियति जैन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी मे डॉ. संदीप रावत, डॉ.अमितलोधी द्वारा शिविर की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। उक्त शिविर का निरिक्षण मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक बरौनिया द्वारा किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिये गए। पीएचसी कुम्हारी में 92 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर जाँच की गई जिसमे 21 एचआरपी महिला एवं पीएचसी कुंडलपुर मे 44 गर्भवती महिलाओं की जाँच के दौरान 11 एचआरपी महिलाएं चिन्हित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक से बी. ई. ई. प्रमोद तंतुवाय, बी. सी. एम. ममता गुप्ता,सत्यम नेमा, अमित अहिरवार उपस्थित रहे। साथ ही सभी पीएचसी का स्टाफ एवं CHO, सेक्टर सुपरवाइजर,एएनएम, आशा सुपरवाइजर उपस्थित ने उपस्थित रहकर अपने कार्य दायित्व का निर्वाहन किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिये दिये टिप्स

**दमोह।** स्कूल चले अभियान के द्वितीय दिवस ₹भविष्य से भेंट ₹ कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सीएम राइज उमावि पहुंचे। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये बेहतर भविष्य बनाने के लिये टिप्स दिये। उन्होंने अपने पुलिस अधीक्षक के पद पर कैसे पहुंचे के बारे में बताते हुये छात्रों से कड़ी मेहनत करने के लिये प्रेरित किया। पाठ्य पुस्तक वितरण मुग्धा उपाध्याय द्वारा किया गया। सहायक संचालक एन. सिंह द्वारा बच्चों को भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्य आर.पी. कुर्मी द्वारा भविष्य कैसे उज्जवल हो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षिका शिवानी पाण्डेय द्वारा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के उपाय बताए। शिक्षक सतीश जैन, विजय रजक, सीमा डिम्हा ने भी विचार रखे। रूपा तिवारी द्वारा शिक्षा गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय खरे लाइब्रेरियन द्वारा एवं आभार विजय रजक द्वारा किया गया।



## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर



**तेंदूखेड़ा** । स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को शालाओं में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सुबह लगभग 8:30 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले स्कूलों का जायजा लिया नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर वनांचल में स्थित शालाओ का निरीक्षण किया साथ ही शासकीय की एकीकृत माध्यमिक शाला इमलीडोल , एकी. मा. शाला हाथीडोल, एकी. मा.शाला जरूआ का भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया जिसमें बच्चों से भेट करके कलेक्टर महोदय द्वारा शैक्षणिक सामग्री कम्पास, कॉपी पेन पेन्सिल आदि का वितरण शालाओं में किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा एकी. मा. शाला इमलीडोल एवं एकी.ना.शाला हाथीडोल में मध्यान्ह भोजन खाकर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी, जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्ववेदी, तहसीलदार विवक व्यास नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी बीआरसी पीएल अहिरवार एपीसी राजू गांगरा, जनशिक्षक रवि सिंह लोधी श्याम सिंह लोधी, धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं गुलाबसिंह लोधी सहित जनपद शिक्षा केंद्र तेंदूखेडा का अमला उपस्थित रहा।

## शतचंडी महायज्ञ से होती है मां दुर्गा की कृपाः पं.ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** खेत सिंह हिनोती फूलन देवी माता के प्रांगण में नवरात्रों के उपलक्ष्य में एवं श्रीराम के उपलक्ष्य में श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू हुआ। आज पहले दिन कलश यात्रा के साथ धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए। कथा प्रवक्ता बालव्यास पंडित ऋषिकांत गर्ग जी महाराज के सानिध्य में एवं यज्ञाचार्य पं. विनोद दुबे जी अंकित शास्त्री जी वृंदावन के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। पुरुष भी काफी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां भी मंचन निकाली गई और महिलाओं ने मंगल गीत गाए। गांव के विभिन्न भागों से होते हुए कलश यात्रा वापिस मंदिर पहुंची। इसके बाद नव कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने सहपरिवार यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सर्व जन कुशलक्षेम की कामनाएं की। मंदिर प्रांगण में श्रीराम के दौरान श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए व्यास पीठासीन पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि राम कथा श्रवण मात्र से भी संताप दूर हो जाते हैं। ¨हिंदू संस्कृति में कहा कि यज्ञ का भी हमारी संस्कृति में एक विशेष महत्व है। इन नौ दिनों के दौरान भक्त व्रत करते है व मां के नव रूपों की पूजा करते हैं जो शुभ फलदायी होती है इस कार्यक्रम का आयोजन फूलनदेवी के संतोष पंडा के एवं समस्त क्षेत्र वासियों के द्वारा किया जा रहा है

## एसडीएम एवं सीएमओ ने किया तालाबों का निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत बुधवार को एसडीएम आरएल बागरी, सीएमओ प्रदीप कुमार शर्मा सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा शहर के पुरैना तालाब, दीवानजी की तलैया, फुटेरा तालाब का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख रूप से दीवान जी की तलैया में पानी न होने की स्थिति में अस्थाई कुंड तैयार किये जाने की बात कही जिसमें जबारे का विसर्जन हो सके। उन्होंने साफ सफाई संबंधित विशेष दिशा निर्देश स्वास्थ अधिकारी नगर पालिका को दिए।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आदिवासी गर्भवती महिला की मौत

### स्वास्थ्य विभाग में नहीं हुआ था पंजीयन, और न ही गर्भवती महिला का हुआ टीकाकरण, भैंसा उपस्वास्थ्य केंद्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

एक और जहां प्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हर कारगर कदम उठाए जाने हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ गांव में ही महिलाओं को मिले इसके लिए गांव-गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं जिसमें एएनएम सीएचओ आशा कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर को नियुक्त कर हर महीने लाखों रुपए खर्च कर लोगों को सुविधाएं मुहैया करा रही है जिससे हर हालत में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हितग्राही तक पहुंचे परन्तु हटा विकासखंड में कुछ जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते स्वास्थ्य विभाग आलोचनाओं का शिकार होता रहता है जिसके कारण गर्भवती माताओं के प्रति की जा रही लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है ऐसा ही एक मामला हटा क्षेत्र के ग्राम भैंसा में सामने आया जहां ग्राम के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लापरवाही के चलते एक आदिवासी गर्भवती महिला काले के गाल में समा गई।जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसा निवासी अशोक आदिवासी अपनी पत्नी भूरी बाई उम्र 32 वर्ष को प्रसव पीड़ा के चलते अपने निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया था जहां ड्यूटीरत स्टाफ नर्स द्वारा जांच उपरांत भर्ती किया गया था जिसके पास कोई भी एम सी पी कार्ड नहीं था कुछ घंटे उपचार उपरांत महिला की हालत गंभीर होने पर उसे 108 वहां की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन महिला को जटिलता होने के कारण उसे जिला अस्पताल दमोह से जबलपुर के लिए रेफर कर दिया था जहां विगत 27 मार्च को महिला की मौत हो गई।

दरअसल भैंसा निवासी भूरी बाई आदिवासी की तीन संताने हैं यह उसकी पांचवी डिलेवरी थी सबसे छोटा बच्चा 10 माह का है। लेकिन गौर करने वाली बात है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गर्भवती माताओं की देखरेख व सुरक्षा हेतु आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को जिम्मेदारी विभाग द्वारा सौंपी गई है लेकिन भैंसा में भूरी बाई आदिवासी 6 माह की गर्भवती होने के बावजूद उसके वार्ड में नियुक्त आशा कार्यकर्ता द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन नहीं किया गया और न ही गर्भवती होने पर टीकाकरण किया गया यहां तक कि आशा कार्यकर्ता द्वारा अपनी लापरवाही की हद पार कर उसकी हर माह एलएमपी रिपोर्ट विभाग को देती रही जिसे उनके जिम्मेदार कर्मचारी वेरिफिकेशन भी करते रहे। मृतक महिला के पति अशोक आदिवासी ने बताया कि विगत 20 मार्च को जब पत्नी को पेट में अत्यधिक दर्द होने लगा तो वह आशा कार्यकर्ता के घर पहुंचा तो उसने अपनी तबीयत खराब होने की बात कहकर हटा अस्पताल जाने से मना कर दिया जिसे वह घर पर ही पत्नी को देखने वह बार-बार मिन्नतें करता रहा लेकिन अंत में वह अपने निजी वाहन से अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर हटा सिविल अस्पताल पहुंचा लेकिन क्या पता था उस भोले भाले आदिवासी मजदूर को कि इन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा उसे अपनी पत्नी की मौत से चुकाना पड़ेगा। अब देखना होगा कि उप स्वास्थ्य केंद्र भैंसा में पदस्थ किन-किन लापरवाह कर्मचारियों पर गाज गिरेगी। इस संबंध में सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल का कहना है कि मामला गंभीर है भैंसा में पदस्थ सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया है जांच चल रही है जो भी दोषी पाया जाएगा सख्त कार्रवाई की जावेगी।

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में किया गया कन्या पूजन



**जबेरा।** नवीन सत्र की शुरुआत में शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जबेरा विधायक एवम मध्यप्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में माँ सरस्वती की पूजन की गई । उसके पश्चात अतिथियों एवम विद्यालय परिवार द्वारा कन्या पूजन किया गया। तथा उपस्थित छात्राओं हेतु निशुल्क पुस्तक वितरित की गई । कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए भावसिंह लोधी ने कहा कि जिस कार्य की शुरुआत अच्छी होती है वह कार्य आधा सफल माना जाता है विद्यालय ने आज अच्छी शुरुआत कर अपनी वर्ष भर की तैयारियों को प्रदर्शित किया है जो कि सराहनीय है विद्यालय में जो सुविधाएं प्रदान की जा रही है वह बहुत सराहनीय है इनका छात्राओं को सदुपयोग कर अपने जीवन का सदुपयोग करना चाहिए वही विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान ने सभी छात्राओं का तिलक वंदन कर स्वागत किया तथा उद्बोधन देते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने एवम अच्छी पढ़ाई करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेश जैन ने कहा कि आज सभी नए छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश दिया जा रहा साथ ही आज से ही विद्यालय की कक्षाएं प्रारम्भ हो रही है तथा बुधवार को विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम है जिसमे आप समस्त छात्राओं को उपस्थित होना है। इस अवसर पर कक्षा नवमी , दसवीं , ग्यारहवीं एवम बारहवीं में छात्राओं को प्रवेश दिया गया। कार्यक्रम में जबेरा सरपंच शिवलाल धुर्वे, सासद प्रतिनिधि रूपेश सेन , विद्यायक प्रतिनिधि विनोद मलैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, रानू नामदेव, कालू जैन सहित वरिष्ठ शिक्षिका नीलिमा तिवारी, चित्तर ठाकुर, भानु प्रताप ठाकुर, राजेश जैन, देवेंद्र ठाकुर , अतिथि शिक्षक उर्मिला श्रीवास्तव, सीमा गुप्ता, ओमती ठाकुर, शिवानी राजपूत , दुर्गेश जायसवाल , मनसा जैन , हेमंत तिवारी , अभिषेक शर्मा , अमित सेन , मनोज साहू सहित समस्त स्टाफ एवम बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर के मॉडल स्कूल में नवीन सत्र हेतू प्रवेश उत्सव कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नवीन सत्र हेतू पुस्तकों के सेट अतिथियों से वितरित कराये गये। अतिथियों में पार्षद एवं जिला योजना समिति सदस्य पुष्पेन्द्र सोनी, बलराम पटेल, हरप्रसाद चौरसिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, शंकर तंतुवाय मुन्नालाल अवधिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य विवेक नेमा के नेतृत्व में शिक्षक स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने सभी का आभार माना।यहां विलंब से पहुंचे अन्य अतिथियों ने प्राचार्य सहित शिक्षक स्टाफ से चर्चा की व यथोचित सहयोग का आश्वासन दिया। इनमें प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, दीपक ताम्रकार, मोहन लाल ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज, डॉ सत्यम सिंह राजपूत, प्रकाश गुप्ता, महेश जैन, उमेश ताम्रकार, देवराज पटेल सहित अन्य अभिभावक भी शामिल थे। प्राचार्य ने भी पुनः आभार माना।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता हीना बेन पटेल HEENA BEN PATEL पति मनीष कुमार पटेल निवासी मागंज वार्ड नं 4 दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि उनके सभी दस्तोवेजों आधार कार्ड पेन कार्ड व बैंक खातों में मेरा सही नाम दर्ज है परंतु मेरी कक्षा 10 वीं की अंक सूची में मेरा नाम हिना बेन पटेल HINA BEN PATEL अंकित है जो शादी के पूर्व का नाम था। शादी के बाद मेरा सही नाम हीना बेन पटेल HEENA BEN PATEL हो गया है व आगे भी सभी दस्तावेजों में मेरा यही सही नाम अंकित हो।

शपथकर्ता :-
हीना बेन पटेल पति मनीष कुमार पटेल
निवासी मागंज वार्ड नं 4 दमोह